मिशन शिक्षण संवाद

# पहेली की सहेली




**रचनाकार**

आयुषी अग्रवाल(स०अ०)
कम्पोजिट वि०शेखूपुर खास
कुन्दरकी(मुरादाबाद)

**मार्गदर्शक**

राजकुमार शर्मा(प्र०अ०)
UPS,चित्रवार
मऊ(चित्रकूट)

मिशन शिक्षण संवाद

# 01

# पहेली की सहेली

**रंग है मेरा पीला-पीला**
**स्वाद में मैं हूँ बड़ा रसीला।**
**फलों का राजा मैं कहलाता**
**गर्मी से राहत दिलवाता।।**

**उत्तर:-**

आम



मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर प्रदेश सरकार

**02**

# पहेली की सहेली

लम्बे नख गर्दन पर बाल
खूँखार दाँत इसकी पहचान।
दहाड़ से उसकी सब डर जायें
जंगल का राजा कहलाये।।

**उत्तर:-**

शेर



मिशन शिक्षण संवाद

## 03

# पहेली की सहेली

**रंग-बिरंगे पंख सुहाये**
**सिर पर ताज कलंगी भाये।**
**देख घटा को पंख फैलाता**
**हमारा राष्ट्रीय पक्षी कहलाता।।**

**उत्तर:-**

मोर



मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद

04

# पहेली की सहेली

**तीन रंग है इसमें समाये**
**चक्कर में 24 तीली आयें।**
**राष्ट्रीय त्यौहारों पर फहराते**
**राष्ट्रीय ध्वज हैं इसे बताते।।**

**उत्तर:-**

तिरंगा



मिशन शिक्षण संवाद

# 05 पहेली की सहेली

जल में रहना मेरा काम
फूलों में ऊपर मेरा नाम।
रस से कोमल सूत बने
राष्ट्रीय पुष्प श्रेणी में रखें।।

**उत्तर:-**

कमल



मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर प्रदेश सरकार

06

# पहेली की सहेली

**सीधा खड़ा हूँ**
**कठोर बना हूँ।**
**बट बड़ भी मेरे नाम**
**बता राष्ट्रीय वृक्ष का नाम।।**

**उत्तर:-**

बरगद



मिशन शिक्षण संवाद

# 07 पहेली की सहेली

राष्ट्रीय खेल में आता हूँ
टीम में खेला जाता हूँ।
गेंद स्टिक बनकर के सहेली
बुझा रहे हैं देखो पहेली।।

उत्तर:-

हॉकी



मिशन शिक्षण संवाद

## 08

# पहेली की सहेली

**अ से मेरा नाम है आता**
**चारों ओर एक शेर सुहाता।**
**चक्र बीच में दे दिखाई**
**राष्ट्रीय चिन्ह की बारी आई।।**

**उत्तर:-**

अशोक स्तम्भ



मिशन शिक्षण संवाद

09

# पहेली की सहेली

**जल में ही मैं बहती हूँ**
**मनमौजी सी रहती हूँ।**
**आवाज़ों का पिटारा हूँ**
**जलीय जीव राष्ट्रीय सितारा हूँ।।**

**उत्तर:-**

डॉल्फिन



मिशन शिक्षण संवाद

# 10

# पहेली की सहेली

**ढाई अक्षर का मेरा नाम**
**पढ़े जो उसको देती ज्ञान।**
**राष्ट्रभाषा बनकर आई**
**भारतीयों के मन को भाई।।**

**उत्तर:-**

हिन्दी

